In the name of Allah the Most Gracious the Ever Merciful
بسم الله الرحمن الرحيم

Press Desk
Ahmadiyya Muslim Jamaat
INTERNATIONAL
(INDIA)

شعبہ پریس اینڈ میڈیا بھارت
Office Press & Media
Ahmadiyya Muslim Jama'at India,
Qadian-143516, Distt.Gurdaspur, Punjab, India.
Mobile: +91-99887 57988
Email: pressamjindia@gmail.com
Tel: +91-1872-500282
ahmadiyya_press ahmadiyyapressindia

(A Registered Religious and Charitable Society in India under the Societies Registration Act XXI 1860)

زیرحوالہ/Ref **SPM-414**
تاریخ/Date **26-01-2026**

ईश्वर और इस्लाम से सच्चा प्रेम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने देश से भी प्रेम करे। — इमाम जमाअत अहमदिया आलमगीर

प्रैस नोट:

अहमदिया मुस्लिम जमाअत भारत देश के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हृदय की गहराइयों से शुभकामनाएँ प्रस्तुत करती है।

26 जनवरी वह ऐतिहासिक दिन है, जो भारत की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आज से 77 वर्ष पूर्व, भारत की स्वतंत्रता के ढाई वर्ष बाद, वर्ष 1950 में भारत में गणतांत्रिक शासन प्रणाली के लागू होने की घोषणा की गई थी।

भारत को यह गौरव प्राप्त है कि यह जनसंख्या की दृष्टि से संसार का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहाँ प्रत्येक धर्म और समुदाय, रंग और नस्ल, विभिन्न संस्कृतियों और अनेक भाषाओं के लोग निवास करते हैं।

अहमदिया मुस्लिम जमाअत के विश्व प्रमुख हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहब, ख़लीफ़तुल मसीह अल-ख़ामिस (अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़) ने वर्ष 2012 में जर्मनी में दिए गए एक संबोधन में फ़रमाया:

हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लाहु अलैहि व सलम ने यह शिक्षा दी है कि 'देश से प्रेम आस्था का एक अंग है।' अतः इस्लाम अपने प्रत्येक अनुयायी से सच्ची

और निष्ठापूर्ण देशभक्ति की अपेक्षा करता है। ईश्वर और इस्लाम से सच्चा प्रेम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने देश से भी प्रेम करे। इसलिए यह पूर्णतः स्पष्ट है कि किसी व्यक्ति के ईश्वर-प्रेम और देश-प्रेम के बीच कोई टकराव नहीं हो सकता। चूँकि देश-प्रेम को इस्लाम का एक आवश्यक अंग बना दिया गया है, इसलिए यह भी स्पष्ट है कि एक मुसलमान को अपने देश के प्रति निष्ठा के सर्वोच्च मानदंड प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि यह ईश्वर से मिलने और उसका सामीप्य प्राप्त करने का एक माध्यम है। अतः यह असंभव है कि एक सच्चे मुसलमान का ईश्वर-प्रेम कभी उसके देश के प्रति सच्चे प्रेम और निष्ठा के मार्ग में बाधा बने।"

अपने आध्यात्मिक इमाम की इन शिक्षाओं पर अमल करते हुए भारत का प्रत्येक अहमदी नागरिक अपने प्रिय देश भारत और सभी देशवासियों से अत्यंत प्रेम करता है तथा क़ानून का पूर्ण पालन करते हुए अपने देश की प्रगति और जनकल्याण के लिए तन-मन से हर प्रकार की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है।

Tariq Ahmad K
Incharge Press & Media,
Ahmadiyya Muslim Jama'at India.